# सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा-2019

## सामान्य अध्ययन - *प्रश्नपत्र-1*

**समय- 2 घण्टे** **पूर्णांक: 200**

**यह प्रश्नपत्र युवायण ग्रुप के विशेषज्ञों द्वारा बनाया गया है जोकि आगामी सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा 2019 (June 2019) की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है |**

**यह टेस्ट सिविल सेवा प्रारम्भिक परीक्षा के पैटर्न पर बनाया गया है |**

**इस टेस्ट को हल करने के बाद आप इस प्रश्नपत्र की उत्तरमाला व प्रश्नों से जुड़े तथ्य व व्याख्या की फाइल हमारी वेबसाइट www.yuvayana.org से मुफ्त डाउनलोड कर पाएंगे |**

**हमारा आपसे अनुरोध है कि इस टेस्ट को तभी हल करना शुरू करें जब आपके पास कम से कम 2 घंटे का समय हो और आप पूरा प्रश्नपत्र 2 घंटे तक हल करके बंद कर दें और अपने दिए गए उत्तरों की जांच करें |**

इस टेस्ट की उत्तर माला व प्रश्नों की व्याख्या के लिए हमने दूसरी फाइल तैयार की है जिसके द्वारा आप प्रत्येक प्रश्न का उत्तर व उपलब्ध व्याख्या देख पाएंगे |

फाइल आप हमारी वेबसाइट के नीचे दिए हुए लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं |

यदि आप इस प्रश्नपत्र को मोबाइल फोन या कंप्यूटर पर देख रहे हैं है तो इस लिंक पर सीधे क्लिक करके भी पेज खोल सकते हैं |

यदि यह प्रश्नपत्र आपके पास कागज पर छपा हुआ है तो आप अपने वेब ब्राउज़र के यूआरएल बार में यह लिंक डालें -

https://test.yuvayana.org/ias/upsc-ias-prelims-test-series-in-hindi/

या https://goo.gl/Qa55DD

संघ लोक सेवा आयोग के लिए युवायण द्वारा संचालित विशेष टेस्ट कोर्स से जुड़ कर आप अपनी परीक्षा की तैयारी को और अधिक गति दे पाएंगे | हमने अपने टेस्ट कोर्स इस तरह से बनाये हैं कि प्रत्येक अध्याय उसमें मिलेगा |

यदि आपको उत्तर माला डाउनलोड करने में कोई समस्या हो रही है तो आप हमें 8755077650 पर WhatsApp पर मेसेज भेज कर भी उत्तर माला ले सकते हैं |

**निर्देशः-**

1. परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद, आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश, आदि न हो । यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लीजिए।

2. कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में, उचित स्थान पर, रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को, ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।

3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है । परीक्षण पुस्तिका पर और कुछ न लिखें ।

4. इस परीक्षण पुस्तिका में 100 प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश हिन्दी में छपा है । प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं । इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं । यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सहीं हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे । प्रत्येक प्रश्नांश के लिए केवल एक ही प्रत्युत्तर चुनना है ।

5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर ही अंकित करने हैं । उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखिए ।

6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।

7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं ।

8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर केवल उत्तर- पत्रक अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है ।

9. कच्चे काम के लिए पत्रक परीक्षण पुस्तिका के अंत में संलग्न हैं।

10. ग़लत उत्तरों के लिए दंड :

वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दंड दिया जाएगा।

(i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं । उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का एक-तिहाई दंड के रूप में काटा जाएगा।

(ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है , तो इसे गलत उत्तर माना जाएगा , यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही , उसी तरह का दंड दिया जाएगा ।

(iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है , अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए कोई दंड नहीं दिया जाएगा।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. वन स्थिति रिपोर्ट 2018 , यह रिपोर्ट 15 वीं रिपोर्ट थी।
2. इस रिपोर्ट के अनुसार 24.39 प्रतिशत पर वन एवं वृक्षादन था।
3. वर्ष 2015-17 के बीच 1.14 प्रतिशत वन वृद्धि हुयी है।
4. पहली राष्ट्रीय वन नीति 1948 में वनी थी।
5. सबसे कम वनाच्छरित राज्य पंजाब था।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 2, 4 सत्य हैं।
(B) केवल 1, 3, 5 सत्य हैं।
(C) केवल 1, 2, 3 सत्य हैं।
(D) केवल 1, 2, 3, 4 सत्य हैं।

2. यदि राष्ट्रीय जल मिशन सही ढंग से और पूर्णतः लागू किया जाये तो देश पर उसका क्या प्रभाव पड़ेगा?

1. शहरी क्षेत्रों की जल आवश्यकताओं की आंशिक आपूर्ति अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण से हो सकेगी।
2. ऐसे समुद्रतटीय शहर, जिनके पास जल के अपर्याप्त वैकल्पिक स्रोत हैं, की जल आवश्यकताओं की आपूर्ति ऐसी समुचित प्रौद्योगिकी व्यवहार में लाकर की जा सकेगी जो समुद्री जल को प्रयोग लायक बना सकेगी।
3. हिमालय से उद्गमित सभी नदियाँ प्रायद्वीपीय भारत की नदियों से जोड़ दी जाऐंगी ।

निम्नलिखित कूटों के आधार पर सही उत्तर चुनिये-

(A) केवल 1 सत्य है।

(B) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 3 सत्य हैं।

(D) सभी कथन 1, 2, 3 सत्य हैं।

3. मरूस्थल क्षेत्रों में जल ह्रास को रोकने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से पर्ण रूपांतरण होता है?

1. कठोर एवं मोमी पर्ण
2. लघु पर्ण या पर्णहीनता
3. पर्ण की जगह काँटे

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये-

(A) केवल 1 और 2 सत्य हैं।

(B) केवल 2 सत्य है।

(C) केवल 1 और 3 सत्य हैं।

(D) 1, 2, 3 सभी सत्य हैं।

4. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. फिरोजशाह तुगलक ने सिंचाई की सुविधा हेतु 5 बड़ी नहरों का निर्माण कराया जिसकी जानकारी हमें याहीया-बिन-अहमद सरहिन्दी की पुस्तक 'तारीख-ए-मुबारकशाही' से मिलती है।
2. फिरोज शाह तुगलक के द्वारा प्रथम नहर उलूगखानी नहर थी जो कि यमुना नदी से लेकर हिसार तक जाती थी।
3. सल्तनत काल में प्रथम बार नहर निर्माण कराने का श्रेय फिरोज शाह तुगलक को जाता है।
4. फिरोजशाह तुगलक के द्वारा 'हर्ब-ए-शर्ब' नामक सिंचाई कर वसूला जाता था जिसकी मात्रा 1/5 थी।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 4 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 2, 4 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(D) केवल 2, 3, 4 सत्य हैं।

www.yuvayana.org

5. तृतीय बौद्ध संगिती का आयोजन किसके काल में किया गया था?

(A) कनिष्क

(B) अशोक

(C) कालाशोक

(D) ह्वेनसांग

6. कथन (A):- पंचरात्र धर्म में पंचवीरों की पूजा का विधान था इसमें संकर्षण, वासुदेव, प्रघुम्न, अनिरूद्ध एवं साम्ब सम्मलित थे किन्तु इनमें से साम्ब को ईरानी सूर्य सम्प्रदाय से सम्बद्ध हो जाने के कारण इन्हें पृथक कर दिया गया।

कारण (R):- साम्ब, कृष्ण के जाम्बवती से उत्पन्न पुत्र थे इनमें जाम्बवती एक चाण्डाल कन्या थी।

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन ( A) तथा कारण ( R) दोनो सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

7. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. हर्यक वंशी शासक बिम्बिसार जैन और बौद्ध धर्म का अनुयायी था।
2. बिम्बिसार ने स्थापत्य कला के तहत राजगृह नामक नगर की स्थापना करवाई थी तथा उसे अपनी राजधानी बनाया था।
3. अजात शत्रु बिम्बिसार का पुत्र था तथा इसकी माता चेलना / छलना चेटक की पुत्री थी।
4. काशी पर अधिकार को लेकर अजातशत्रु का कोशल नरेश चेटक से संघर्ष हुआ था।

उपरोक्त में से कौन-सा / कौन-से कथन सत्य है/हैं ?

(A) केवल 1, 2, 4 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 2, 3 सत्य हैं।

(C) केवल 2, 3, 4 सत्य हैं।

(D) 1, 2, 3, 4 सभी सत्य हैं।

8. कथन ( A):- उच्च न्यायालय की न्यायिक पुनर्विलोकन की शक्ति राज्य विधान मंडल व केन्द्र सरकार दोनों के अधिनियमनों और कार्यकारी आदेशों की संवैधानिकता के परीक्षण के लिये हैं।

कारण (R):- यदि वे संविधान का उल्लंघन करते हैं तो उन्हें असंवैधानिक और शून्य घोषित किया जा सकता है। परिणाम स्वरूप सरकार उसे लागु नहीं कर सकती है।

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन ( A) तथा कारण ( R) दोनो सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

9. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. अनुच्छेद-215 के तहत उच्च न्यायालय को अभिलेख न्यायालय की शक्ति प्राप्त है।
2. उच्च न्यायलय के न्यायाधीशों के पद के लिए नियुक्ति तथा दशाओं का उल्लेख अनुच्छेद-217 में किया गया है।
3. किसी न्यायाधीश का एक उच्च न्यायालय से दूसरे उच्च न्यायालय में स्थानान्तरण का उल्लेख भारतीय संविधान के अनुच्छेद-233 में किया गया है।
4. अनुच्छेद-231 में दो या अधिक राज्यों के लिए एक साझे उच्च न्यायालय की स्थापना का उल्लेख है।

उपरोक्त में से कौन-सा कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 2, 4 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 2, 3 सत्य हैं।

(C) केवल 2, 4 सत्य हैं।

(D) सभी 1, 2, 3, 4 सत्य हैं।

10. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

पृथ्वी और सूर्य के बीचों बीच स्थित अन्तरिक्ष यान में बैठे व्यक्ति को दिखाई पड़ेगा कि-

1. आकाश स्याह काला है।
2. तारे टिमटिमाते नहीं है।
3. अन्तरिक्ष यान के बाहर का ताप पृथ्वी तल के ताप से कहीं अधिक है।

उपरोक्त में से कौन-सा कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 3 सत्य हैं।

(B) केवल 1 और 2 सत्य हैं।

(C) केवल 1 और 3 सत्य हैं।

(D) सभी 1, 2, 3 सही हैं।

11. भारत में जैविक डीजल के उत्पादन के लिए जट्रोफा करकास के अलावा पौंगामिया पिनाटा को भी क्यों एक उत्तम विकल्प माना जाता है

1. भारत के अधिकांश शुष्क क्षेत्रों में पौंगामिया पिनाटा प्राकृतिक रूप से उगता है।
2. पौंगामिया पिनाटा के बीजों में लिपिड अंश बहुतायत में होता है। जिसमें से लगभग आधा ओलीइक अम्ल होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1 और 2 दोनों

(D) न तो 1 न तो 2

12. सूची-I को सूची- II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूटों का प्रयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिये-

| सूची(I) | सूची(II) |
|---|---|
| (a) खनिज | 1.वर्षा |
| (b) सौर ऊर्जा | 2.मेथेन तथा कार्बन डाई ऑक्साइड |
| (c) बायो गैस | 3.समाप्त होने योग्य |
| (d) वन-अपरोपण | 4.असमाप्त होने योग्य |

(A) 3-a, 4-b, 2-c, 1-d

(B) 3-a, 4-b, 1-c, 2-d

(C) 2-a, 1-b, 3-c, 4-d

(D) 1-a, 2-b, 3-c, 4-d

13. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. विधान परिषद के कुल सदस्यों में से 1/3 सदस्यों का चुनाव विधान सभा के सदस्यों द्वारा किया जाता है।
2. विधान परिषद के सदस्यों में से राज्यपाल 1/10 सदस्यों को नामित करता है।
3. .राज्यपाल द्वारा नमित सदस्यों को किसी भी परिस्थिति में अदालत में चुनौती नहीं दी जा सकती है।
4. राज्यपाल द्वारा नामंकित सदस्यों में से साहित्य, कला, विज्ञान, सामाजिक सेवा तथा सहकारी आन्दोलन का विशेष ज्ञान रखने वाले सदस्य चुने जाते हैं।

उपरोक्त में से कौन-सा / कौन-से कथन सत्य है/हैं ?

(A) केवल 1, 2, 4 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 3, 4 सत्य हैं।

(C) केवल 2, 3, 4 सत्य हैं।

(D) सभी 1, 2, 3, 4 सत्य हैं।

www.yuvayana.org

14. कथन (A):- राज्यपाल राज्य निर्वाचन आयुक्त को नियुक्त करता है और उसकी सेवा, शर्ते तथा कार्यावधि तय करता है।

कारण ( R):- राज्य निर्वाचन आयुक्त को विशेष मामलों में उसी तरह हटाया जा सकता है जैसे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को।

(A) कथन (A) तथा कारण ( R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन ( A) तथा कारण ( R) दोनो सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

15. 3–7 जनवरी 2019 के मध्य भारतीय विज्ञान काँग्रेस का 106वां अधिवेशन लवली प्रोफेसनल यूनिवर्सिटी जालंधर(पंजाब) में आयोजित किया गया। इसका मुख्य विषय क्या था

(A) जलवायु परिवर्तन एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी

(B) भविष्य का भारत विज्ञान और प्रौद्योगिकी

(C) कृषि विकास के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी

(D) विज्ञान और प्रौद्योगिकी के माध्यम से दूर-दराज तक पहुँच

16. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. 24 दिसम्बर 2018 को प्रधानमंत्री ने ओडिशा में 14000 करोड़ रूपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया।
2. प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी ने 1260 करोड़ रूपये की लागत से निर्मित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान(I.T.I.) भुवनेश्वर का नया परिसर भी राष्ट्र को समर्पित किया |
3. प्रधानमंत्री ने बहरामपुर में बनने वाले भारतीय विज्ञान शिक्षा और अनुसंधान संस्थान की आधार शिला रखी।
4. प्रधान मंत्री ने पारादीप तथा पुणे के बीच पाइप लाइन का शुभारम्भ किया।
5. प्रधान मंत्री ने पाइका विद्रोह के 250 वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्मारक टिकट और सिक्के जारी किये।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 3, 5 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 2, 3, 5 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 2, 3 सत्य हैं।

(D) केवल 2, 3, 4, 5 सत्य हैं।

17. राज्य के नीति निदेशक तत्वों के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. ये तत्व देश के सामाजिक, आर्थिक लोकतंत्र की व्याख्या करते हैं।
2. इन तत्वों में अन्तर्विष्ट उपबन्ध किसी न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं

(A) केवल 1 सत्य है।

(B) केवल 2 सत्य है।

(C) 1 तथा 2 दोनों सत्य हैं।

(D) न तो 1 न ही 2 सत्य हैं।

18. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

किसी को राष्ट्रगीत गाने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता है क्योंकि-

1. इससे वाक् और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन होगा।
2. इससे अन्तःकरण की और धर्म के अबाध रूप से आचरण और प्रचार करने की स्वतन्त्रता के अधिकार का उल्लंघन होगा।

www.yuvayana.org

3. राष्ट्रगीत गाने के लिए किसी को बाध्य करने वाला कोई विधिक उपबन्ध नहीं है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं-

(A) केवल 1 और 2 सत्य हैं।

(B) केवल 2 और 3 सत्य हैं।

(C) सभी 1, 2, 3 सत्य हैं।

(D) उपरोक्त में से कोई नहीं।

19. भारतीय अर्थव्यवस्था के सन्दर्भ में खुला बाजार प्रचालन किसे निर्दिष्ट करता है?

(A) अनुसूचित बैंकों द्वारा RBI से ऋण लेना

(B) वाणिज्यिक बैंकों द्वारा उद्योग और व्यापार क्षेत्रों को ऋण देना।

(C) RBI द्वारा सरकारी प्रतिभूतियों का क्रय और विक्रय।

(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं।

20. राष्ट्रपति के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. राष्ट्रपति का चुनाव अनुपातिक प्रतिनिधित्व के अनुसार एकल संक्रमणीय मत और गुप्त मतदान के द्वारा होता है।
2. राष्ट्रपति से सम्बन्धित सभी विवादों की जांच व फैसले उच्चतम न्यायालय में होते हैं परन्तु उच्चतम न्यायलय का फैसला अन्तिम नहीं होता है।
3. राष्ट्रपति के चुनाव को इस आधार पर चुनौती नहीं दी जा सकती कि निर्वाचक मण्डल अपूर्ण है।
4. यदि उच्चतम न्यायालय द्वारा किसी व्यक्ति की राष्ट्रपति के रूप में नियुक्ति को अवैध घोषित किया जाता है तो उच्चतम न्यायालय की घोषणा से पूर्व उसके द्वारा किये गये कार्य अवैध माने जायेंगे।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1, 2, 3 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 2, 4 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 3 सत्य हैं।

(D) 1, 2, 3, 4 सभी सही हैं।

21. वित्त आयोग के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. वित्त आयोग में एक अध्यक्ष तथा चार अन्य सदस्य होते हैं। जिनकी नियुक्ति सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा की जाती है।
2. वित्त आयोग के अध्यक्ष की पुनर्नियुक्ति नहीं हो सकती है।
3. वित्त आयोग एक अर्द्ध न्यायिक निकाय है।
4. इसका उल्लेख संविधान के अनुच्छेद-280 में किया गया है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं ?

(A) केवल 1, 2, 4

(B) केवल 2, 3, 4

(C) केवल 3, 4

(D) केवल 1, 4

22. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. राज्य लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्यों को वेतन, भत्ता व पेंशन सहित सभी खर्च राज्य की संचित निधि से मिलते हैं। अतः राज्य के विधान मंडल द्वारा इस पर मतदान नहीं होता है।
2. राज्य लोक सेवा आयोग का आध्यक्ष तथा सदस्य कार्यकाल के बाद संघ लोक सेवा आयोग के अध्यक्ष तथा सदस्य बनने के पात्र हैं लेकिन भारत सरकार या राज्य सरकार के अधीन किसी और नियोजन के पात्र नहीं हैं।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं ?

www.yuvayana.org

(A) केवल 1 सत्य है।

(B) केवल 2 सत्य है।

(C) 1, 2 दोनों सत्य हैं।

(D) न तो 1 ही न तो 2 ही सत्य हैं।

23. सरकारी विधेयक के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

(A) इसे संसद में मंत्री द्वारा पेश किया जाता है।

(B) यह विधेयक सरकार की नीतियों को प्रदर्शित करता है।

(C) सदन द्वारा अस्वीकृत होने पर सरकार को इस्तीफा देना पड़ता है।

(D) इसे सदन में पेश करने के लिए 1 माह का नोटिस देना चाहिये।

24. धन विधेयक के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. धन विधेयक को सिर्फ लोकसभा में प्रस्तुत किया जा सकता है।
2. इसे लोकसभा में स्थापित करने के लिए राष्ट्रपति के पूर्व संस्तुति की जरूरत नहीं होती है।
3. इसमें राज्य सभा कोई संशोधन या अस्वीकार नहीं कर सकती है।
4. इसे अस्वीकृत या पारित तो किया जा सकता है लेकिन राष्ट्रपति द्वारा पुनर्विचार के लिये लौटाया नहीं जा सकता।
5. इसे लोकसभा अध्यक्ष के प्रमाणन की जरूरत नहीं होती है।

(A) केवल 1, 3, 5 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 3, 4 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 2, 3, 4 सत्य हैं।

(D) केवल 2, 3, 4 सत्य हैं।

25. पौधों में फ्लोयम मुख्यतः उत्तरदायी है-

(A) आहार वहन के लिए

(B) अमीनों अम्ल वहन के लिए

(C) ऑक्सीजन वहन के लिए

(D) जल वहन के लिए

26. कथन (A):- यदि कोई व्यक्ति हरी सब्जियाँ बंद कर दे तो उसे रतौंधी हो जायेगी।

कारण ( R):- उसमें विटामिन A की कमी हो जायेगी

नीचे दिये गये कूटों से सही उत्तर चुनिये-

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन ( A) तथा कारण ( R) दोनो सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

27. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये-

1. कैल्शियम सल्फेट की उपस्थिति जल को कठोर बना देती है एवं वह उपयोग योग्य नहीं रहता।
2. हीरा, ताँबा व लोहे से कठोर हैं।
3. वायु का मुख्य घटक ऑक्सीजन है।
4. नाइट्रोजन वनस्पति घी के निर्माण में प्रयोग होती है।

कूटः-

(A) 1 एवं 2

(B) 3 एवं 4

(C) 1, 2, 3

(D) 1, 2, 4

www.yuvayana.org

28. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

कांच पर उत्कीर्ण किया या खरोंचा जा सकता है-

1. हीरा से
2. हाइड्रोक्लोरिक अम्ल से
3. एक्वारेजिया(अम्ल राज) से
4. सान्द्र सल्फयूरिक अम्ल से

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं-

(A) 1 और 4

(B) 2 और 3

(C) 1 और 2

(D) 2 और 4

29. कथन (A):- बड़े शीतगृह संयत्र प्रशीतक के रूप में अमोनिया का उपयोग करते हैं, जबकि घरेलू प्रशीतित्र क्लोरफ्लोरो कार्बन (CFC) का उपयोग करते हैं।

कारण (R):- अमोनिया को कम दाब एवं परिवेश ताप पर द्रवित किया जा सकता है।

कूटः-

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन (A) तथा कारण ( R) दोनो सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

30. कथन (A):- ताँबे के एक टुकड़े को तथा कांच के एक टुकड़े को एक ही तापमान पर गर्म किया गया। उसके बाद स्पर्श करने पर तांबे का टुकड़ा कांच के टुकड़े की अपेक्षा अधिक गर्म लगता है।

कारण (R):- ताँबे का घनत्व कांच के घनत्व से अधिक होता है।

कूटः-

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन ( A) तथा कारण ( R) दोनो सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

31. पारिस्थितिकी तंत्र से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. पारिस्थितिकीय तंत्र शब्द का प्रयोग सर्वप्रथम ए.जी. टांसले ने किया था।
2. जो जीव अपना भोजन स्वयं उत्पादित करते हैं उन्हें स्वपोषित कहते हैं।
3. प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया द्वारा उपभोक्ता अपने भोजन का उपभोग करता है।
4. वियोजक अकार्बनिक पदार्थ को कार्बनिक पदार्थ में परिवर्तित करते हैं।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं ?

(A) केवल 1, 2, 3 सत्य हैं।

(B) केवल 2, 3 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(D) सभी 1, 2, 3, 4 सत्य हैं।

32. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. अलाउद्दीन खिलजी ने भूमि के नाप(मसाहत) के आधार पर राजस्व का निर्धारण किया इसके लिये इसने प्रति बिस्वा को ईकाई माना।
2. गयासुद्दीन तुगलक ने उपज के आधार पर (हुक्म-ए-हासिल) लेना प्रारम्भ किया।
3. सल्तनत काल में खालसा भूमि का सर्वाधिक विस्तार अलाउद्दीन खिलजी के समय हुआ।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं ?

(A) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 3 सत्य हैं।

(C) 1, 2, 3 तीनों सत्य हैं।

(D) केवल 2, 3 सत्य हैं।

33. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. मोहम्मद बिन तुगलक ने 'दोकानी' तथा 'दीनार' नामक स्वर्ण सिक्का जलाया जबकि 'अदली' नामक चाँदी का सिक्का चलाया।
2. मोहम्मद बिन तुगलक ने चीन और ईरान की नकल पर सांकेतिक मुद्रा का भी प्रचलन किया था।
3. दिल्ली सल्तन के शासकों/शासिकाओं में रजिया ने 'उमदत-उल-निस्वा' नामक सिक्के को चलाया। जबकि अलाउद्दीन खिलजी के सिक्कों पर 'द्वितीय सिकन्दर' तथा 'सिकन्दर-ए-सानी' की उपाधियों का अंकन था।
4. इल्तुमिश ने देवगिरी विजय के बाद एक संश्मारक सिक्का जारी किया जिस पर उसने अपने नाम के साथ-साथ रजिया के नाम का भी अंकन कराया।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 2, 4 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 2, 3 सत्य हैं।

(C) केवल 2, 3, 4 सत्य हैं।

(D) केवल 1, 4 सत्य हैं।

34. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. आटाकामा मरूस्थल विश्व का सबसे शुष्कतम मरूस्थल है तथा इसका विस्तार चिली तथा ब्राजील में है।
2. यह मरूस्थल ताँबा उत्पादन के लिये विश्व में प्रसिद्ध है।
3. ग्रान चाको एक घास का मैदान है जो कि अर्जेन्टिना देश में स्थित है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है?

(A) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(B) केवल 2, 3 सत्य हैं।

(C) केलव 1, 3 सत्य हैं।

(D) कोई भी नहीं सही है।

35. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. कनाडा देश की मुख्य भूमि तथा बैंकुअर द्वीप के मध्य स्थित जल सन्धि जूआन डी फूका जल सन्धि है।
2. टोरन्टो नामक नगर ईरी झील के तट पर स्थित है।
3. बैंकुअर तट मत्स्यन के लिए पूरे विश्व में प्रसिद्ध है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 3 सत्य हैं।

(B) 1, 2, 3 तीनों सत्य हैं।

(C) 2, 3 सत्य हैं।

(D) कोई भी नहीं सत्य है।

36. न्यायाधीशों की नियुक्ति के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है।
2. मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति में मुख्य न्यायाधीश की परामर्श आवश्यक है।
3. न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश द्वारा दी गई सलाह राष्ट्रपति को मानना बाध्यकारी होगी।
4. मुख्य न्यायाधीश का एकल मत ही परामर्श प्रक्रिया को पूर्ण करता है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 2, 4 सत्य हैं।

www.yuvayana.org

(B) केवल 1, 3, 4 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 2, 3 सत्य हैं।

(D) सभी 1, 2, 3, 4 सत्य हैं।

37. निम्न कथनों विचार कीजिये-

1. जब टी.वी. का स्विच ऑन किया जाता है तो श्रव्य और दृश्य दोनों तरंगे एक साथ शुरू होते हैं।
2. दूरदर्शन प्रसारण में चित्र संदेशों का संचारण आयाम माडुलम के द्वारा होता है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं ?

(A) केवल 1 सत्य है।

(B) केवल 2 सत्य है।

(C) 1, 2 दोनों सत्य हैं।

(D) न ही 1 न ही 2 सत्य है।

38. कथन ( A):- लाइट ऐमिटिंग डायोड लैम्प, कॉम्पेक्ट फ्लोरीसेंट लैम्प( CFL) की तुलना में अधिक लम्बी सेवा अवधि प्रदान करते है।
कारण ( R):- लाइट ऐमिटिंग डायोड( LED) लैम्प, कॉम्पेक्ट फ्लोरीसेंट लैम्प( CFL) की तुलना में अधिक ऊर्जा दक्ष होते है।

कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिये-

(A) कथन (A) तथा कारण ( R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन ( A) तथा कारण ( R) दोनों सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

39. कथन (A):- एक धातु तार का तापक्रम बढ़ जाता है जब उसके बीच से विद्युत धारा प्रवाहित की जाती है।

कारण ( R):- धातु अणुओं के पारस्परिक संघटन से ऊष्मा ऊर्जा का मोचन होता है।

उपरोक्त कथन में से सही उत्तर का चयन कीजिये-

(A) कथन (A) तथा कारण ( R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन ( A) तथा कारण ( R) दोनो सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

40. नासा अमरीकी अंतरिक्ष अभिकरण ने केपलर नामक दूरबीन का प्रवर्तन किया, निम्नलिखित में से क्या जाचनें के लिए?

(A) दूरस्थ तारों को

(B) दूरस्थ ग्रहों को

(C) दूरस्थ उपग्रहों को

(D) पृथ्वी तुल्य ग्रहों को

41. निम्न कथनों पर विचार किजिये-

1. 29 मार्च 1857 ई. को 36 वीं रेजीमेन्ट बैरकपुर के मंगल पाण्डे ने अपने साथियों के साथ विद्रोह कर एडजुटेण्ट लेफ्टिनेंट बाग की हत्या कर दी।
2. मंगल पाण्डे को 10 अप्रैल 1857 को फाँसी पर लटका दिया गया था।
3. बहादुर शाह द्वितीय(जफर) के दो पुत्रों मिर्जा मुगल तथा मिर्जा ख्वाजा सुल्तान को जॉन निकोलसन ने गोली से मारा था।
4. 1857 के विद्रोह से दक्षिण भारत पूरी तरह से अछूता था।

5. 1857 के विद्रोह की सबसे भयंकर भावना बिहार में फैली थी।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(A) केवल 1, 2, 4, 5 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 3, 4 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 2, 3, 4 सत्य हैं।

(D) कोई भी नहीं

42. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. अहमदशाह(1748-1754 ई.) के समय अब्दाली ने 5 बार आक्रमण किया था।
2. अहमदशाह के समय राजमाता ऊधमबाई के नाम से प्रसिद्ध महिला को बिला-ए-आलम की उपाधि प्राप्त थी।
3. शाह आलम द्वितीय के समय ही बक्सर का युद्ध हुआ था।
4. जबकि पानीपत का तृतीय युद्ध आलमगीर द्वितीय के समय हुआ था।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 2, 3 सत्य हैं।

(B) केवल 2, 3, 4 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 4 सत्य हैं।

(D) सभी 1, 2, 3, 4 सत्य हैं।

43. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. सन्यासी विद्रोह 1763-1800 ई. तक चला था इसे समाप्त करने का श्रेय वारेन हेस्टिंग्स को जाता है।
2. बंकिम चन्द्र चटर्जी की पुस्तक आनन्द मठ का कथानक इसी सन्यासी विद्रोह पर ही आधारित था।
3. सन्यासी विद्रोह का प्रमुख कारण अत्यधिक भू राजस्व की वसूली था।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(B) 1, 2, 3 तीनों सत्य हैं।

(C) केवल 2, 3 सत्य हैं।

(D) केवल 1 सत्य है।

44. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है-

(A) सती प्रथा – 1829

(B) दास प्रथा – 1843

(C) विधवा पुर्नविवाह – 1859

(D) बाल विवाह(शारदा एक्ट) – 1929

45. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. कॉंग्रेस के लाहौर अधिवेशन में 1929 को पूर्ण स्वराज की मांग रखी गयी थी।
2. कांग्रेस ने 26 जनवरी 1930 को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया था।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1 सत्य है।

(B) केवल 2 सत्य है।

(C) 1, 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कोई भी सत्य नहीं है।

46. मानव शरीर का कौन-सा भाग ताप को नियन्त्रित रखता है?

(A) हृदय

(B) वृक्क

(C) फेफड़ा

(D) यकृत

www.yuvayana.org

47. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. BMD परीक्षण अस्थिरंध्रता हेतु किया जाता है जिसका पूर्ण रूप बोन मिनरल डेंसिटी है।
2. डी.पी.टी. का टीका क्रमशः डिफ्थीरिया, कुकुर खाँसी तथा टिटेनस से सम्बन्धित है।
3. DPT का टीका पोलियो के काम में नहीं आता है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 3 सत्य हैं।

(C) सभी 1, 2, 3 सत्य हैं।

(D) कोई भी सही नहीं है।

48. सूची (I) को सूची (II) के साथ सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिये गये कूट का प्रयोग करके सही उत्तर चुनिये-

| सूची (I) | सूची (II) |
|---|---|
| (a) आर्सेनिक-74 | 1.थायरॉइड ग्रन्थि की सक्रियता |
| (b) कोबाल्ट-60 | 2.रक्त व्यतिक्रम |
| (c) आयोडीन-131 | 3.ट्यूमर |
| (d) सोडियम-24 | 4.कैंसर |

(A) 1-a, 2-b, 3-c, 4-d

(B) 4-a, 3-b, 1-c, 2-d

(C) 3-a, 4-b, 1-c, 2-d

(D) 4-a, 3-b, 2-c, 1-d

49. कथन ( A):- हमारे आहार में सभी प्रोटीनों का पाचन केवल क्षुदांत्र में होता है।

कारण (R):- अग्नाशय से प्रोटीन का पाचन करने वाली एन्जाइम को क्षुदांत्र में छोड़ा जाता है।

कूट:-

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन ( A) तथा कारण ( R) दोनो सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

50. भारतीय योजना के सम्बन्ध में निम्न लिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. द्वितीय पंचवर्षीय योजना में भारी उद्योगों की स्थापना पर बल दिया।
2. तृतीय पंचवर्षीय योजना ने औद्योगिकरण की रणनीति के रूप में आयात प्रतिस्थापन की अवधारणा को प्रारम्भ किया।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(A) केवल 1 सत्य है।

(B) केवल 2 सत्य है।

(C) 1, 2 दोनों सत्य हैं।

(D) न तो 1 ही न तो 2 सत्य है।

51. संवेदी सूचकांक 'SENSEX' में चढ़ाव का तात्पर्य है?

(A) बम्बई शेयर बाजार के साथ पंजीकृत सभी कम्पनियों के शेयरों के मूल्य में चढ़ाव

(B) राष्ट्रीय शेयर बाजार के साथ पंजीकृत सभी कम्पनियों के मूल्य में चढ़ाव

(C) बम्बई शेयर बाजार के साथ पंजीकृत एक कम्पनी समूह के शेयरों के मूल्य में समग्र चढ़ाव

(D) बम्बई शेयर बाजार के साथ पंजीकृत एक कम्पनी समूह से सम्बन्धित सभी कम्पनियों के शेयरों के मूल्य में चढावा

www.yuvayana.org

52. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. समृतियों में सबसे प्राचीन एवं प्रमाणित स्मृति मनु स्मृति है इसकी रचना शुंगकाल में हुयी थी।
2. इसमें आर्य संस्कृति के चार क्षेत्रों व्रहमावर्त, बहमर्षि देश, मध्य देश तथा आर्यवर्त का उल्लेख मिलता है।
3. मनु स्मृति में 6 प्रकार के दासों की विवेचना की गयी है।
4. मनुस्मृति के टीकाकारों में मेधातिथि, गोविन्दराज, कल्लुक भट्ट तथा विज्ञानेश्वर हैं।
5. नारद स्मृति में 15 प्रकार के दासों का उल्लेख किया गया है एवं दासता से मुक्ति का विधान भी बताया गया है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) 1, 2, 4 सत्य हैं।

(B) 1, 2, 5 सत्य हैं।

(C) 2, 3, 4, 5 सत्य हैं।

(D) सभी 1, 2, 3, 4, 5 सत्य हैं।

53. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. बौद्ध धर्म में पुर्नजन्म की मान्यता थी। जबकि ईश्वर की मान्यता, आत्मा की मान्यता तथा वेदों की मान्यता नहीं थी।
2. गौतम बुद्ध की मूर्ति के रूप में सर्वप्रथम हीनयान सम्प्रदाय के लोगों ने पूजा प्रारम्भ की थी।
3. भगवती सूत्र तथा अंगुत्तर निकाय दोनों ग्रन्थ बौद्ध धर्म से सम्बन्धित हैं।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(B) केवल 2, 3 सत्य हैं।

(C) केवल 1 सत्य है।

(D) सभी 1, 2, 3 सत्य हैं।

54. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. भारत सरकार के केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा एशियाई शेर संरक्षण परियोजना शुरू की गई है।
2. इसका उद्देश्य शेरों की आबादी की सुरक्षा एवं उनका संरक्षण है।
3. शेरों की जनसंख्या गिर राष्ट्रीय पार्क, गिर अभ्यारण, पानिया अभ्यारण, मितियाला अभ्यारण में संकेन्द्रित है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1 सत्य है।

(B) केवल 2 सत्य है।

(C) केवल 3 सत्य है।

(D) 1, 2, 3 सभी सत्य हैं।

55. 6 जनवरी 2019 को केन्द्र सरकार ने असम समझौते के खंड-6 के कार्यान्वयन के लिए किस की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति अधिसूचित की?

(A) सुभाष दास

(B) एम.पी. बेजबरूआ

(C) डॉ. मुकुंद राजबंशी

(D) मणिक सरकार

56. 25 दिसम्बर 2018 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के सबसे लम्बे रेल सड़क सेतु 'बोगी बील सेतु' को राष्ट्र को समर्पित किया। इससे सम्बन्धित निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. यह सेतु असम डिब्रूगढ़ और धेमाजी जिलों के बीच ब्रहमपुत्र नदी पर निर्मित है।
2. इस सेतु की लम्बाई 4.94 किमी है।
3. इस सेतु की आधार शिला तत्कालीन प्रधान मंत्री एच.डी. देवेगौडा ने जनवरी 1997 में रखी थी।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(B) केवल 2, 3 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 3 सत्य हैं।

(D) सभी 1, 2, 3 सत्य हैं।

57. कथन ( A):- भारत संघ में मन्त्रिपरिषद संयुक्त रूप से लोकसभा और राज्यसभा दोनों के प्रति उत्तरदायी है।

कारण ( R):- लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदस्य संघीय सरकार में मन्त्री बनने के लिए पात्रता रखते है।

कूट:-

(A) कथन (A) तथा कारण ( R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन ( A) तथा कारण ( R) दोनों सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

58. कथन ( A):- प्रायद्वीपीय भारत की पश्चिम की ओर बहने वाली नदियाँ डेल्टा नहीं बनाती हैं।

कारण (R):- ये नदियाँ अपने साथ जलोढ अवसाद नहीं लाती हैं।

(A) कथन (A) तथा कारण ( R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन ( A) तथा कारण ( R) दोनों सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

59. मानव शरीर की आन्तरिक संरचना के अवलोकन के लिये प्रयोग में आने वाली परिकलित टोमोग्राफी के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी किरणें प्रयोग में लायी जाती है?

(A) X किरणें

(B) ध्वनि तरंग

(C) चुम्बकीय अनुनाद

(D) विकिरण समस्थानिक

60. मानव वृक्क के कार्य से सम्बन्धित निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. वृक्क के अपचयन के पश्चात स्वच्छ रक्त वृक्कीय धमनी से वापस जाता है।
2. बोमन-सम्पुट से निष्पादित द्रव लघु नलिकाओं से गुजरता है जहाँ अधिकांश ग्लूकोज का पुर्नविशेषण होता है तथा वृक्कीय शिरा में रक्त के पास वापस भेजा जाता है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1 सत्य है।

(B) 1, 2 दोनों सत्य हैं।

(C) केवल 2 सत्य है।

(D) कोई भी नहीं

61. कथन ( A):- मानव में संतान के लिंग निर्धारण स्त्रियों की प्रमुख भूमिका होती है।

कारण (R):- स्त्रियों में दो (X) गुणसूत्र होते है।

कूट:-

(A) कथन (A) तथा कारण ( R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन ( A) तथा कारण ( R) दोनो सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

www.yuvayana.org

62. कथन (A):- आस्ट्रेलिया गो पशुपालन जितना दूध के लिये है उसकी अपेक्षा माँस के लिये अधिक किया जाता है।

कारण (R):- आस्ट्रेलिया वासी परम्परागत रूप से माँसाहारी हैं।

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

63. कथन (A):- भारत में पश्चिमी तट की तुलना में पूर्वी तट में धान का उत्पादन अधिक होता है।

कारण (R):- भारत में पूर्वी तट पर पश्चिमी तट की तुलना में अधिक वर्षा होती है।

कूट:-

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

64. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. यूराल पर्वत यूरोप और एशिया की सीमा बनाता है।
2. कॉकेशस पर्वत काला सागर और अरल सागर के मध्य स्थित है।
3. यूरोप महाद्वीप की सबसे ऊँची चोटी माउण्ट ऐटना है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1 सत्य है।

(B) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 3 सत्य हैं।

(D) सभी 1, 2, 3 सत्य हैं।

65. निम्न कथनों पर विचार किजिये-

1. यूरोप में स्थित ओडर नदी पोलैण्ड और जर्मनी की सीमावर्ती क्षेत्र में बहती है और वाल्टिक सागर में गिरती है।
2. विस्तुला नदी यूरोप की खूनी नदी के नाम से प्रसिद्ध है।
3. नीस्टर नदी अपना जल काला सागर में गिराती है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(B) केवल 2, 3 सत्य हैं।

(C) केवल 1 सत्य है।

(D) सभी 1, 2, 3 सत्य हैं।

66. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये-

1. भौमिक मील की दूरी समुद्री मील से कम होती है।
2. हरमट्टन पूर्वी अफ्रीकी तट की धूल भरी पवन है।
3. ग्रीस तथा अल्बानिया आइबेरियन प्रायद्वीप के भाग हैं।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(A) 1, 2, 3 तीनों

(B) 2 तथा 3

(C) केवल 3

(D) केवल 1

www.yuvayana.org

67. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. अगस्त प्रस्ताव
2. शिमला सम्मेलन
3. कैबिनेट मिशन
4. वर्धा प्रस्ताव
5. व्यक्ति गत सत्याग्रह

उपरोक्त घटनाओं को उनके कालाक्रमानुसार बढ़ते हुये क्रम में लगाइये? ( जो घटना पहले हुयी है उसे पहले)

(A) 1, 2, 4, 3, 5

(B) 5, 3, 4, 2, 1

(C) 1, 5, 3, 2, 4

(D) 1, 5, 4, 2, 3

68. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. गदर पार्टी का स्थापना 1913 में अमेरिका के शिकागो में हुयी थी।
2. गदर पार्टी के संस्थापक लाला हरदयाल थे।
3. गदर पार्टी के अध्यक्ष डी. सावरकर थे।
4. हरिजन सेवक समाज की स्थापना डा. भीम राव राम जी. अम्बेडकर ने की थी।
5. व्यक्तिगत सत्याग्रह के पहले सत्याग्रही जवाहर लाल नेहरू थे।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1, 2, 4, 5 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 2, 4 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 2, 3 सत्य हैं।

(D) केवल 2 सत्य है।

69. कथन (A):- सुभाष चन्द्र बोस के इस्तीफा देने के बाद काँग्रेस का अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद बने थे।

कारण (R):- सुभाष चन्द्र बोस का गाँधी जी के साथ मतभेद के कारण बोस ने इस्तीफा दे दिया था।

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन ( A) तथा कारण ( R) दोनों सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

70. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. चौरी चौरा की घटना के गाँधी जी ने असहयोग आन्दोलन को वापस ले लिया था।
2. भारत छोड़ो का प्रस्ताव काँग्रेस ने बम्बई अधिवेशन में पारित किया था।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1

(B) केवल 2

(C) 1, 2 दोनों

(D) न तो 1 न तो 2

71. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. महात्मा गांधी ने भारत के लोगों के लिए प्रथम आन्दोलन का शुभारम्भ चम्पारण सत्याग्रह से किया था |
2. महात्मा गाँधी ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के बेलगांव अधिवेशन की अध्यक्षयता की थी |
3. 1939 ई. में सुभाष चन्द्र बोस डॉ राजेन्द्र प्रसाद को हराकर काँग्रेस के अध्यक्ष बने थे।
4. अबुल कलाम आजाद एक मात्र काँग्रेसी थे जो लगातार 7 वर्षों तक काँग्रेस के अध्यक्ष बने रहे थे।
5. माई एक्सपेरीमेण्ट्स विद ट्रुथ के लेखक महात्मा गाँधी थे( My Experiments with Truth)

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 2, 4 सत्य हैं।

www.yuvayana.org

(B) केवल 1, 2, 5 सत्य हैं।

(C) केवल 2, 3, 4, 5 सत्य हैं।

(D) सभी 1, 2, 3, 4, 5 सत्य हैं।

72. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. युगान्तर समाचार पत्र का प्रकाशन वारीन्द्र कुमार घोष तथा भूपेन्द्र नाथ मण्डल ने किया था।
2. बंगाल में क्रान्तिकारी विचार धारा फैलाने का श्रेय भद्र लोक समाज को जाता है।
3. अभिनव भारत नामक संस्था के संस्थापक वारीन्द्र कुमार घोष थे।
4. बेलेन्टाइन तिरोल ने बाल गंगाधर तिलक को भारतीय अशान्ति का जनक कहा था।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 2, 4 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 2, 3 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(D) सभी 1, 2, 3, 4 सत्य हैं।

73. निम्न लिखित कथनों में से कौन-सा सही है?

(A) एलाइन्स एयर, इण्डियन एयर लाइन्स की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक है।

(B) भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण विनियमन को लागू करने के लिए भारत विमानपत्तन प्राधिकरण नियामक संगठन है।

(C) नगर विमान महानिदेशालय के कार्य है मुख्य पट्टी तथा टर्मिनल भवन की योजना बनाना और उनका निर्माण तथा विमान सेवायें उपलब्ध कराना।

(D) सभी सत्य हैं ।

74. सूची(I) को सूची (II) से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों का सही प्रयोग करके उत्तर दीजिये-

| सूची(I) | सूची(II) |
|---|---|
| (a) पर्ल फिशिंग | 1.पुणे |
| (b) आटो मोबाइल्स | 2. तूतीकोरीन |
| (c) पोत निर्माण | 3.पिंजोर |
| (d) इन्जीनियरिंग सामान | 4. मर्मागाँव |

(A) a-2, b-1, c-4, d-3

(B) a-2, b-1, c-3, d-4

(C) a-1, b-2, c-4, d-3

(D) a-1, b-2, c-3, d-4

75. भारत का आर्थिक सर्वेक्षण प्रत्येक वर्ष सरकारी तौर पर प्रकाशित किया जाता है-

(A) भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा

(B) भारतीय नीति आयोग द्वारा

(C) भारत सरकार के वित्त मंत्रालय द्वारा

(D) भारत सरकार के उद्योग मंत्रालय द्वारा

76. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. जनवरी 2019 को भारतीय रिजर्व बैंक ने डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने हेतु नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली 5 सदस्यी समिति का गठन किया है।
2. यह समिति अपनी पहली बैठक की तिथि से 90 दिनों के अन्दर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।
3. अभी हॉल ही में विश्व बैंक के अध्यक्ष जिम योंग किम ने अपना इस्तीफा दे दिया। उनका 5 वर्षीय कार्यकाल वर्ष 2022 में पूरा हो रहा था।

उपरोक्त में स कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

www.yuvayana.org

(A) केवल 1 सत्य है।

(B) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(C) केवल 3 सत्य है।

(D) सभी 1, 2, 3 सत्य हैं।

77. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. 22 दिसम्बर 2018 को GST परिषद की बैठक में परिषद ने 23 वस्तुओं एवं सेवाओं पर कर( Tax) की दरों में कटौती करने पर सहमति व्यक्त की।
2. दिसम्बर 2018 में डी. सुब्बाराव की अध्यक्षता में आर्थिक पूँजी ढाँचे पर एक विशेष समिति का गठन किया गया है।
3. चीन से आयतित दुग्ध पर भारत ने प्रतिबंध लगा दिया है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(B) 1, 2, 3 सभी सत्य हैं।

(C) केवल 2, 3 सत्य हैं।

(D) केवल 1, 3 सत्य हैं।

78. सितम्बर 2018 को केन्द्र सरकार ने भ्रष्टाचार रोधी संस्था लोकपाल के अध्यक्ष और इसके सदस्यों के नामों की सिफारिश करने के लिए किसकी अध्यक्षता में एक आठ सदस्यी खोज समिति का गठन किया है?

(A) न्यायमूर्ति आर. के. अग्रवाल

(B) न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल

(C) न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल

(D) न्यायमूर्ति कुरियन जोसेफ

79. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. हाल ही में संसद द्वारा उच्च जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सरकारी नौकरियों और शिक्षा में 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने हेतु 124 वां संविधान संशोधन विधेयक पारित किया गया।
2. यह विधेयक भारतीय संविधान के अनुच्छेद- 14, 15 में संशोधन प्रस्तावित करता है।
3. इस आरक्षण प्रस्ताव के लागू होने के बाद आरक्षण कोटा 40 प्रतिशत से बढ़कर 50 प्रतिशत हो जायेगा।
4. यह विधेयक लोकसभा से 9 जनवरी को पास हुआ था।
5. यह विधेयक राज्यसभा से 10 जनवरी को पास हुआ था।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

कूटः-

(A) केवल 1, 2, 4, 5 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 3, 4, 5 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(D) केवल 1 सत्य है।

80. हाल ही में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर सिक्का जारी किया गया इस सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती की पूर्व संध्या पर 100 रूपये का सिक्का जारी किया।
2. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस को प्रशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है।
3. अटल बिहारी वाजपेयी जी को वर्ष 2014 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 3 सत्य हैं।

(B) केवल 2, 3 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 2 सत्य हैं।

www.yuvayana.org

(D) सभी 1, 2, 3 सत्य हैं।

81. हाल ही में सम्पन्न हुयी पुरुष हॉकी विश्व कप 2018 के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. पुरूष हॉकी विश्व कप 2018 का 14 वां संस्करण कलिंगा स्टेडियम भुवनेश्वर(ओडिशा) में सम्पन्न हुआ।
2. इस प्रतियोगिता का शुंभकर ओलिव रिडले कछुऐ थे।
3. इस प्रतियोगिता की उपविजेता टीम नीदरलैण्ड थी।
4. इस प्रतियोगिता में कांस्य पद का खिताब भारत ने जीता था।
5. चीन ने पहली बार पुरूष हॉकी विश्वकप के लिए आर्हता प्राप्त की थी।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1, 2, 4 सत्य हैं।

(B) केवल 2, 3, 4 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 2, 3, 5 सत्य हैं।

(D) सभी 1, 2, 3, 4, 5 सत्य हैं।

82. कथन (A):- सूर्याभिताप जैवमंडलीय पारिस्थितिकी तंत्र के लिए सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा स्रोत है।

कारण (R):- सौर विकिरण हरे पौधों द्वारा भोजन तथा रासायनिक ऊर्जा में परिवर्तित हो जाता है।

कूटः-

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन ( A) तथा कारण ( R) दोनों सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

83. कथन ( A):- खाद्य जालों में विविधता वृद्धि पारिस्थितिकी तंत्र की स्थिरता को बढ़ावा देती है।

कारण (R):- वह पारिस्थितिकी तंत्र की समुत्थान शक्ति को बढ़ाती है।

कूटः-

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन ( A) तथा कारण ( R) दोनों सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

84. मिली जुली खेती से क्या तात्पर्य है?

(A) नकदी तथा खाद्य दोनों फसलों को बोना

(B) एक ही खेत में दो या दो से अधिक फसलों को बोना

(C) एक वर्ष छोड़कर दो अथवा अधिक पौधो को बोना

(D) पशुपालन और कृषि को करना

85. बंद अर्थव्यवस्था वह अर्थव्यवस्था है जिसमें-

(A) मुद्रा पूर्ति पूर्णतः नियंत्रित होती है।

(B) घाटे की वित्त व्यवस्था होती है।

(C) केवल निर्यात होता है।

(D) न तो निर्यात होता है और न ही आयात होता है।

86. नियंत्रक तथा महालेखा परीक्षक(कैग) के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. कैग किसी कर या शुल्क की शुद्ध आगमों का निर्धारण और प्रमाणन करता है अनुच्छेद-279 के तहत |

www.yuvayana.org

2. कैग केन्द्र सरकार से सम्बन्धित लेखों की रिपोर्ट प्रधानमंत्री को देता है जो संसद के पटल पर रखते हैं।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है?

(A) केवल 1

(B) 1, 2 दोनों

(C) केवल 2

(D) कोई भी नहीं

87. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. राज्य सभा के पास एक महत्वपूर्ण शक्ति है कि वह अविश्वास प्रस्ताव को पारित कर मंत्रिपरिषद को हटा सकता है।
2. राज्य सभा बजट पर चर्चा भी कर सकती है तथा अनुदानों की मांगों पर मतदान भी कर सकती है।
3. राष्ट्रीय आपात काल समाप्त करने का संकल्प राज्य सभा तथा लोकसभा द्वारा ही पारित कराया जा सकता है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(B) केवल 2, 3 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 3 सत्य हैं।

(D) कोई भी नहीं ।

88. भारत के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के विषय में निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. इसका अध्यक्ष अनिवार्य रूप से भारत का सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश होना चाहिये।
2. इसकी प्रत्येक राज्य में राज्य मानवाधिकार आयोग के नाम से संस्थाऐं है।
3. इसकी शक्तियाँ केवल सिफारिश प्रकृति की है।
4. आयोग के एक सदस्य के रूप में एक महिला की नियुक्ति करना आज्ञा परक है।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सत्य है/हैं?

(A) 1, 2, 3, 4 सभी सत्य हैं।

(B) 2, 4 सत्य हैं।

(C) 2, 3 सत्य हैं।

(D) 1, 3, 4 सत्य हैं।

89. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. लोकसभा अध्यक्ष में यह शक्ति निहित है कि वह सदन को अनिश्चित काल तक स्थापित कर दे, परन्तु सत्रावसान होने पर केवल राष्ट्रपति ही सदन को आहूत कर सकते है।
2. .लोकसभा के भंग हो जाने के पश्चात भी सदन की अगली बैठक से एकदम ठीक पहले तक लोकसभा के अध्यक्ष अपने पद पर आसीन रहते हैं।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1 सत्य हैं।

(B) केवल 2 सत्य हैं।

(C) 1, 2 दोनों सत्य हैं।

(D) कोई भी नहीं

90. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. रामसर सम्मेलन आर्द्र भूमियों के संरक्षण से सम्बन्धित है।
2. रामसर ईरान में स्थित एक शहर का नाम है।
3. रामसर सम्मेलन 1975 में पूर्णतः क्रयान्वित हुआ था।
4. फूलों की घाटी केरल में स्थित है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1, 4 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 2, 4 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 2, 3 सत्य हैं।

(D) सभी 1, 2, 3, 4 सत्य हैं।

www.yuvayana.org

91. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. भारत में सर्वाधिक औसत वार्षिक वर्षा वाला स्थान मासिनराम है।
2. मासिनराम में वर्षा उत्तर पूर्वी मानसूनी पवनों के द्वारा होती है।
3. भारत में जाड़े की वर्षा पछुआ पवनों के द्वारा प्राप्त होती है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सत्य है/हैं?

(A) केवल 1 सत्य है।

(B) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(C) सभी 1, 2, 3 सत्य हैं।

(D) केवल 1, 3 सत्य हैं।

92. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. सबसे अधिक स्थायी पारिस्थितिक तंत्र वन है।
2. औद्योगिक प्रबन्धन का सम्बन्ध पारिस्थितिकी संतुलन से नहीं है।
3. इकोटोन दो भिन्न समुदायों के बीच का संक्रान्ति क्षेत्र कहलाता है।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1, 2 सत्य हैं।

(B) केवल 2, 3 सत्य हैं।

(C) केवल 2 सत्य है।

(D) सभी 1, 2, 3 सत्य हैं।

93. निम्न लिखित में से कौन-से तत्व सभी प्रोटीनों में विद्यमान होते हैं?

1.कार्बन
2.हाइड्रोजन
3.ऑक्सीजन
4.नाइट्रोजन

नीचे दिये गये कूटों का सही प्रयोग कर उत्तर दीजिये-

(A) केवल 2, 3 सत्य हैं।

(B) केवल 1, 2, 4 सत्य हैं।

(C) केवल 1, 3, 4 सत्य हैं।

(D) सभी 1, 2, 3, 4 सत्य हैं।

94. कथन (A):- मानव आहार में ग्लाइसिन, सेरीन और टाइरेसीन अनिवार्य रूप से शामिल होने चाहिये।

कारण (R):- अनिवार्य अमीनो अम्ल मानव शरीर में संश्लेषित नहीं किये जा सकते।

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

95. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. प्रो. डी. के. कर्वे ने 1906 में बम्बई में इण्डियन वोमेन्स यूनिवर्सिटी(भारतीय महिला विश्व विद्यालय) की स्थापना की थी।
2. प्रो. डी. के कर्वे ने ही पूना में विडो होम की स्थापना की थी।
3. पण्डिता रमा बाई ने आर्य महिला समानज की स्थापना की थी।
4. स्वामी दयानन्द सरस्वती ने 1863 में मथुरा में पाखण्ड खाण्डिनी नामक पताका फहराई थी।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1, 2, 4 सही हैं।

(B) केवल 1, 2 सही हैं।

(C) केवल 1, 3, 4 सही हैं।

(D) सभी 1, 2, 3, 4 सही हैं।



www.yuvayana.org

96. निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. भारत में रोलेट एक्ट को 10 फरवरी 1919 ई. को पारित कर दिया गाय था।
2. इस विधेयक में यह व्यवस्था की गई थी कि मजिस्ट्रेट किसी भी संदेहास्पद व्यक्ति को गिरफ्तार करके जेल में अनिश्चित कालीन समय तक रख सकता था।
3. जलियां वाला नरसंहार के फलस्वरूप रवीन्द्र नाथ टैगौर ने ब्रिटिश सरकार द्वारा दी गई 'नाइट' की उपाधि वापस कर दी थी।
4. जलियावाला बाग हत्याकाण्ड की जांच हेतु हण्टर कमेटी गठित की गयी थी जो कि 10 सदस्यी थी।
5. पंजाब के लेफ्टिनेंट गवर्नर जनरल ओ. डायर की हत्या ऊधम सिंह ने मार्च 1940 में लंदन में की थी।

उपरोक्त में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 2, 3, 5 सही हैं।

(B) केवल 1, 2, 3, 5 सही हैं।

(C) केवल 1, 2, 3, 4 सही हैं।

(D) सभी 1, 2, 3, 4, 5 सही हैं।

97. अंतरिम सरकार के काल में मुस्लिम लीग द्वारा पैदा की हुई परेशानियों से थक कर कौन से एक कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा था कि जिन्ना विभाजन चाहते हैं या नहीं परन्तु अब हम स्वयं विभाजन चाहते हैं ?

(A) पंडित जवाहरलाल नेहरु

(B) पट्टाभिसीतारमैया

(C) सरदार बल्लभ भाई पटेल

(D) जय प्रकाश नारायण

98. साइमन कमीशन के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिये-

1. भारत में साइमन कमीशन 10 फरवीर 1928 को मुंबई पहुँचा।
2. कमीशन में ब्रिटिश संसद के 7 सदस्य सम्मलित थे तथा इसमें भारतीय दल का कोई भी सदस्य शामिल नहीं था।
3. भारत में इसके विरोध का सबसे बड़ा कारण था कि इस कमीशन में कोई भी भारतीय नहीं था।
4. जब साइमन कमीशन लखनऊ पहुंचा तो उसके विरूद्ध लाला लाजपत राय तथा जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन हुआ।
5. डा. भीमराब अम्बेडकर बम्बई से साइमन कमीशन के साथ सहयोग के लिए बनायी गयी कमेटी के सदस्य बने।

उपरोक्त में से कौन-सा/ कौन-से कथन सही है/हैं?

(A) केवल 1, 2, 5 सही हैं।

(B) केवल 1, 2, 3, 4 सही हैं।

(C) केवल 2, 3, 5 सही हैं।

(D) सभी 1, 2, 3, 4, 5 सही हैं।

99. निम्न कथनों पर विचार कीजियेः

1. भारत की संसद किसी कानून विशेष को भारत के संविधान की 9 वीं अनुसूची में डाल सकती है।
2. 9 वीं अनुसूची में डाले गये किसी कानून की वैधता का परीक्षण किसी न्यायालय द्वारा नहीं किया जा सकता एवं उसके ऊपर कोई निर्णय भी नहीं किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों मे से कौन-सा/कौन-से सत्य है/हैं?

(A) केवल 1 सत्य है।

(B) केवल 2 सत्य है।

(C) 1 और 2 दोनों सत्य हैं।

(D) न तो 1 न तो 2 सत्य है।

100. कथन (A):- पश्चिम बंगाल की तुलना में आन्ध्र प्रदेश के शुद्ध रोपित क्षेत्र की उसके कुल क्षेत्रफल में प्रतिशतता कम है।

कारण (R):- अधिकांश आन्द्र प्रदेश की मृदा लैटराइट प्रकार की है।

कूट:-

(A) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं और R, A का सही व्याख्या है।

(B) कथन (A) तथा कारण (R) दोनो सही हैं परन्तु R, A का सही व्याख्या नहीं है।

(C) कथन (A) सही है परन्तु कारण (R) गलत है।

(D) कथन (A) गलत है परन्तु कारण (R) सही है।

यह डेमो टेस्ट युवायण ग्रुप के विशेषज्ञों द्वारा बनाया गया है |

**मो॰: 8755077650**

**ईमेल: info@yuvayana.org**

**वेबसाइट: www.yuvayana.org**

UPSC CSE Prelims - 2019 टेस्ट सीरीज से जुड़ने के लिए इस लिंक पर जायें |

http://yuvayana.org/test/packages/ias-pre

इस टेस्ट की उत्तर माला व प्रश्नों की व्याख्या के लिए हमने दूसरी फाइल तैयार की है जिसके द्वारा आप प्रत्येक प्रश्न का उत्तर व उपलब्ध व्याख्या देख पाएंगे |

फाइल आप हमारी वेबसाइट के नीचे दिए हुए लिंक से डाउनलोड कर सकते हैं |

यदि आप इस प्रश्नपत्र को मोबाइल फोन या कंप्यूटर पर देख रहे हैं है तो इस लिंक पर सीधे क्लिक करके भी पेज खोल सकते हैं |

यदि यह प्रश्नपत्र आपके पास कागज पर छपा हुआ है तो आप अपने वेब ब्राउज़र के यूआरएल बार में यह लिंक डालें -

https://test.yuvayana.org/ias/upsc-ias-prelims-test-series-in-hindi/

या https://goo.gl/Qa55DD

संघ लोक सेवा आयोग के लिए युवायण द्वारा संचालित विशेष टेस्ट कोर्स से जुड़ कर आप अपनी परीक्षा की तैयारी को और अधिक गति दे पाएंगे | हमने अपने टेस्ट कोर्स इस तरह से बनाये हैं कि प्रत्येक अध्याय उसमें मिलेगा |

भारतीय राजव्यवस्था टेस्ट कोर्स ( 54 टेस्ट)- http://yuvayana.org/test/packages/indian-polity

भारत व विश्व का भूगोल टेस्ट कोर्स (52 टेस्ट) - http://yuvayana.org/test/packages/geography

पर्यावरण टेस्ट कोर्स (21 टेस्ट)- http://yuvayana.org/test/packages/evs

विज्ञान टेस्ट कोर्स (43 टेस्ट)- http://yuvayana.org/test/packages/science

अर्थशास्त्र टेस्ट कोर्स - Coming Soon..

इतिहास टेस्ट कोर्स - Coming Soon..